काला है वो मुरली वाला है वो | By Sadhvi Bharti Chauhan

काला काला है वह मुरली वाला है वह
यह तो बात निराली हो गई
राधा श्याम की दीवानी हो गई

इसकी अदा का है बोलबाला
काले सांवलिया गले वैजयंती माला
ऐसी बंसी बजाए यह तो राधा को रिझाए
यह तो बात निराली हो गई
राधा श्याम की दीवानी हो गई

सुरतिया तेरी है प्यारी प्यारी
तेरी दीवानी है राधा रानी
तेरी चितवन चलाएं यह तो राधा को रिझाए
यह तो प्रेम कहानी हो गई
राधा श्याम की दीवानी हो गई

पागल बनाय मन को लुभाए
चोरी करे चित जादू चलाएं
मेरा श्याम है काला इसका ढंग है निराला
यह तो बात पुरानी हो गई
राधा श्याम की दीवानी हो गई

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b5%e0%a5%8b-by/